हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


2 सरगुजा में कैबिनेट मंत्री रामविचार ने किया ध्वजारोहण









### मंत्री ने चिरमिरी के छोटा बाजार का किया दौरा

# दूषित जल संकट पर सख्त हुए स्वास्थ्य मंत्री



निरीक्षण करते मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल।



अधिकारियों से चर्चा करते मंत्री।

**मनेन्द्रगढ़/डोमनहिल।** शहर में पीलिया के बढ़ते प्रकोप और दूषित पेयजल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, ए स ई सी ए ल सीजीएम, नगर निगम महापौर, सीएचएमओ अविनाश खरे सहित प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य अमले के साथ छोटा बाजार क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया। दौरे के दौरान मंत्री ने फिल्टर प्लांट, पानी टंकी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23 की साफ-सफाई, नालियों और सुलभ शौचालयों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय रहवासियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली।

- **निगम व एसईसीएल अधिकारियों को दी चेतावनी**

विदित हो कि पिछले कुछ सप्ताह से छोटा बाजार के विभिन्न वार्डों में दूषित पानी की आपूर्ति के चलते पीलिया फैलने की आशंका जताई जा रही थी। काफी संख्या में लोग पीलिया के लक्षणों से पीड़ति पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जांच और इलाज की व्यवस्था की गई, मगर बीमारी पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पेयजल की गुणवत्ता को लेकर कई जांचे कराई गई हैं, जिनकी रिपोर्ट अभी लंबित है। हालांकि प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई गई कि पीलिया के फैलाव के पीछे दूषित जल बड़ी वजह है।

### मंत्री का निगम व एसईसीएल पर गुस्सा

निरीक्षण के दौरान दलगंजन दफाई क्षेत्र में वार्डवासियों की शिकायतें सुनने के बाद मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल निगम और एसईसीएल अधिकारियों पर भड़क उठे। उन्होंने सीजीएम चिरमिरी और प्रभारी निगम कमिश्नर को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर सफाई और जल आपूर्ति संबंधी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मैं कठोर कार्रवाई करूंगा और संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। इसके अलावा मंत्री ने शंभू चौक स्थित वाटर एटीएम का निरीक्षण किया, जो लंबे समय से बंद मिला। इस पर उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि चिरमिरी में कम से कम 5 नए वाटर एटीएम शुरू किए जाएं और बंद पड़े वाटर एटीएम को तुरंत दुरूस्त किया जाए।

### कलेक्टर भी माने दूषित जल है बड़ी वजह

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने भी स्वीकारा कि छोटा बाजार में पीलिया फैलने का प्रमुख कारण दूषित जल है। दौरे के बाद कलेक्टर ने तुरंत अधिकारियों की बैठक बुलाई और समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल पदाधिकारी, महिला विंग, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, एसईसीएल के अधिकारी, इंजीनियर, एमआईसी, पूर्व सभापति सहित काफी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे और उन्होंने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखी।

# शिक्षा सत्र का दो माह बीता पर पुस्तकें नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चालू शिक्षा सत्र की शुरूआत हुए दो माह से अधिक समय बीत गया, लेकिन अब तक विद्यालयों में पूरी निःशुल्क पाठ्य पुस्तक नहीं मिल पाई है, जबकि दावा किया जा रहा था कि स्कूल खुलने के साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों को कर दिया जाएगा। चालू शिक्षा सत्र की शुरूआत 16 जून से हुई और पहले दिन विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण नहीं हो पाया, क्योंकि इस वक्त तक पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा निःशुल्क पुस्तक ही नहीं भेजे थे। स्कूल खुलने के कुछ दिन बाद संकुलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण करने के लिए आया और फिर सभी पुस्तकों का संकुलों में पूर्ण कराए जाने के बाद देरी से विद्यार्थियों को वितरित की गई ,लेकिन शुरूआत में पूरी किताबे नहीं मिलने के कारण शुरूआत में आधी-अधूरी किताबे ही विद्यार्थियों को वितरीत की गई। आधे-अधूरे किताबों से ही स्कूलों में पढ़ाई चलती रही। करीब डेढ़ माह होने पर दूसरी बार कुछ किताबों का वितरण किया गया, लेकिन इस दौरान तक पूरी किताबों का वितरण नहीं हो पाया। अब स्कूल खुले दो माह हो गए, लेकिन अब तक विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए पूरी किताब नहीं मिल पाई है।

- **अध्यापन कार्य हो रहा प्रभावित**



### सितंबर में त्रैमासिक आंकलन

जिले के स्कूलों में स्कूल खुलने के दो माह हो जाने के बाद भी पूरी किताब अब तक विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई है, वहीं स्कूल खुलने के डेढ़ माह में बची किताबे बच्चों को दी गई थी। अब तक पूरी किताब वितरीत नहीं होने के कारण निश्चित ही विद्यार्थियों को किताब के अभाव में पढ़ाई नहीं हो पाई है। वहीं जानकारी के अनुसार सितंबर माह में त्रैमासिक आंकलन भी होना निर्धारित है और सितंबर माह आने में दो सप्ताह से भी कम समय शेष है।

### पढ़ाई हो रही प्रभावित

इस वर्ष पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा समय पर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक नहीं भेजने के कारण विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अब इसी बात से समझा जा सकता है कि स्कूल खुले दो माह हो जाने के बाद भी पूरी किताब पाठ्य-पुस्तक निगम द्वारा भेजी नहीं जा सकी है, वहीं स्कूल खुलने के डेढ़ महीने लगभग में पुस्तकों की दूसरी खेप में बची किताबे भेजी गई थी, इसके बाद भी कुछ कक्षाओं की पूरी किताबे अब तक प्राप्त नहीं हुई है, इससे बच्चों को किताब नहीं मिलने से संबंधित विषय की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम आज

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में 18 अगस्त को नवप्रवेशित विद्यार्थियों, पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के लिए शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम पूर्वान्ह 11:30 बजे से महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर की आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े होंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जनभागीदारी समिति एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया वंदना राजवाडे करेंगी, इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत मोहित पैकरा, अध्यक्ष नपा परिषद बैकुंठपुर नविता शिवहरे एवं सेवानिवृत प्राचार्य यूएस शुक्ला होंगे।

### संभावित दुर्घटना क्षेत्रों में सुधार के लिए बैठक

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देशानुसार थाना यातायात अनूपपुर में जिले के सभी रोड एजेंसी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं संभावित दुर्घटना क्षेत्रों में सुधार कर सड़क हादसों की संभावना को कम करना था। बैठक में विभिन्न ब्लैक स्पॉट की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और आगामी समय में इन स्थलों पर आवश्यक सुधार कार्य, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षा उपाय करने पर विस्तृत चर्चा हुई। यह तय किया गया कि सभी संबंधित विभाग समन्वय से शीघ्र कार्रवाई करेंगे। बैठक में आरटीओ अनूपपुर सुरेन्द्र गौतम, यातायात प्रभारी विनोद दुबे, एजीएम एमपीआरडीसी वीएस वास्केल, नगरपालिका अनूपपुर से सैयद अनवर हुसैन, पीएमजीएसवाई अनूपपुर से धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### गागर नदी पुल से नीचे गिरा सीमेंट लोड ट्रेलर



**राजपुर।** शनिवार की शाम एनएच 43 पर सीमेंट लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया। इस घटना में चालक बाल बाल बच गया। बताया जा रहा है कि शनिवार को ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीसी 6107 लगभग 800 बोरी सीमेंट लोड कर बलौदाबाजार से झारखंड के गढ़वा की ओर जा रहा था। इस दौरान शाम 5 जे राजपुर और बरियों के बीच गागर नदी पुल पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कार को बचाने के लिए चालक ने वाहन को साइड किया और ट्रेलर का पहिया पुल से नीचे लटकने के बाद ट्रेलर पुल से नीचे पलट गया। इस घटना के बाद चालक वाहन में ही फंस गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आज भी ग्रामीण महिलाएं जंगल से लाती हैं लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्रामीण महिलाएं आज भी घर का खाना पकाने के लिए जंगल से लकड़ियां सिर में ढोकर लाती है, इसके लिए बीच-बीच में गांव की महिलाएं एकजुट होकर अपने गांव के पास के जंगल में जाकर सूखी लकड़ियां तो कुछ कच्ची लकड़ियां काटकर लाती है।

- **वन इलाकों में मिट्टी के चूल्हे पर बनता है भोजन**

वैसे तो बरसात के शुरूआत होने के पूर्व ही ग्रामीण परिवार अपने घर के जलाऊ के लिए लकड़ियो की व्यवस्था कर ⏭ शेष पेज 4 पर



### उज्जवला योजना की लौ बुझी

सरकार द्वारा महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला योजना के तहत बीपीएल परिवारों को गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। इस योजना के तहत मिले गैस सिलेंडर में पहली बार मिले भरे गैस का उपयोग किया गया ,इसके बाद दूबारा कम ही हितग्राहियों के द्वारा गैंस सिलेंडर को भरवाया। इस तरह सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को दी गई उज्जवला योजना की लौ लगभग घरों में बुझ गई है।

### दुकान में घुसकर गल्ले से 2.48 लाख की चोरी

**लखनपुर।** हार्डवेयर दुकान के गल्ले से 2.48 लाख रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। चोर दुकान में घुसकर गल्ले से रुपए लेकर फरार हो गया। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी 21 वर्षीय उद्यांशु अग्रवाल आ. शैलेन्द्र अग्रवाल की फारेस्ट ऑफिस के सामने सावित्री हार्डवेयर के नाम से दुकान संचालित है। 15 अगस्त की रात 8.45 बजे व्यवसायी दुकान का शटर गिराकर बस स्टैंड की तरफ गया हुआ था। इस दौरान रात 9.17 बजे के आसपास चोर गल्ले से 2 लाख 48 हजार 500 रुपए के चोरी कर भाग गया। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। व्यवसायी ने घटना की शिकायत पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### बिक्री के लिए आए आर्टिफिशिएल फूल...



बैकुण्ठपुर। इस तस्वीर में रंग–बिरंगे खिले फूल वास्तविक नहीं है, बल्कि रविवार को शहर के मुख्य मार्ग पर व्यापारियों द्वारा लाए गए आर्टिफिशिएल फूलों के गुलदस्ते हैं, जिनका मनमोहक नजारा सबको मोह रहा था।

# अटलजी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कुंज में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई कुसरो, जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह, मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, पूर्व मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी रमेश यादव, संयोजक सोशल मीडिया मनोज केशरवानी, सह संयोजक रमाशंकर, आईटी सेल सह संयोजक दीपक देवांगन, वरिष्ठ एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष हसदेव मंडल दान बहादुर सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी सदस्य सौरभ गुप्ता, अंकित शर्मा, जलील शाह सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अटलजी के विचार आज भी प्रासंगिक-इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति में आदर्श, शुचिता और संवाद के प्रतीक रहे। उन्होंने भारत की राजनीति को नई दिशा दी और राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि अटलजी का जीवन राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी वाणी और काव्य ने देशवासियों के मन में राष्ट्रभक्ति की ज्योति जगाई। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने 1998 में पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण कर दुनिया को अपनी ताकत का अहसास कराया। उन्होंने पड़ोसी देशों से संवाद की पहल करते हुए लाहौर बस यात्रा जैसी ऐतिहासिक पहल की। उनके शासनकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना जैसी योजनाओं ने भारत के बुनियादी ढांचे को नई गति दी। साथ ही वे एक प्रख्यात कवि और ओजस्वी वक्ता भी रहे, जिन्होंने राजनीति में संवेदनशीलता और संस्कृति का समावेश किया।



# चेंबर कोरिया की कार्यकारिणी घोषित

**बैकुण्ठपुर।** छग चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला कोरिया के द्वारा अपनी जंबो कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चेंबर के जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश चैम्बर के अध्यक्ष सतीश थोरानी के अनुमोदन द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता एवं मंत्री शैलेन्द्र शर्मा की सहमति से कोरिया जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा निम्न सूची स्वीकृति प्रदान की गई है।

संरक्षक राजेश शुक्ला, मनोज गुप्ता, नसीम असदक, प्रमोद जायसवाल, प्रहलाद जायसवाल (विकास फर्नीचर) उपाध्यक्ष रविकांत गुप्ता, राजेश राज गुप्ता, निशांत जायसवाल, सुधीर अग्रवाल, सुदीप सोनी महामंत्री-हिमांशु अवस्थी,कार्यकारी महामंत्री - आस्तिक शुक्ला, मंत्री - गिरिजा शंकर पाण्डेय, अभय बड़ेरिया, महेन्द्र वैध (प्रज्ञा ट्रेडर्स) ओमप्रकाश केवलानी, जय साहू, कोषाध्यक्ष-मयंक अग्रवाल सहकोषाध्यक्ष - प्रशांत शिवहरे, सोशल मीडिया एवं प्रचार-प्रसार समिति- अनुराग दुबे, सचिन्द्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, नमन गुप्ता, रवि गुप्ता सहित विभिन्न प्रशासनिक विभागों के साथ गतिविधियों और व्यापारियों के समन्वय के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। इसमें प्रमुख संचालन समन्वय समिति - श्रीप्रकाश जायसवाल, बलजीत सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, राधेश्याम जायसवाल, महेन्द्र वैध, फूड एवं सेफ्टी विभाग - नवीन कुमार गुप्ता, जीएसटी - अशोक बड़ेरिया, बैंकिंग विभाग - प्रवीण जायसवाल, उद्योग एवं खनिज - मोहित पैकरा, नगरीय प्रशासन- गिरीश राजपूत, स्वास्थ्य-शशांक जज्ञासी, राजस्व एवं गुमाश्ता- वैभव गुप्ता के माध्यम से संचालित होगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने नवनियुक्त चैम्बर के समस्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



### कोरिया-एमसीबी जिले में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# देर रात तक फूटती रही मटकी, उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी देवरहा बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण में किया गया। इसमें क्षेत्र के युवाओं की बहुत सारी टीमों ने प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया। इसमें पुरूष वर्ग की प्रथम मटकी 11000 हजार रूपए की सुंदरपुर टीम के द्वारा फोड़ी गई। द्वितीय 7100 रूपए की भी मटकी सुंदरपुर टीम ने हासिल किया तथा तृतीय मटकी 5100 रूपए की डूमरखोली भाड़ी की टीम के द्वारा फोड़ा गया। बालिका वर्ग की प्रथम मटकी 5100 रूपए की मटकी उमझर की होनहार बालिकाओं द्वारा फोड़ कर जीत हासिल की तथा बालक वर्ग की प्रथम मटकी 5100 रूपए की केनापारा की टीम फोड़ कर इनाम प्राप्त किया। द्वितीय मटकी का पुरस्कार जूनापारा की टीम ने प्राप्त किया। 3100 रूपए तृतीय मटकी 2100 रुपए की मटकी फोड़कर केनापारा के बालकों ने अपने नाम किया। छोटे-छोटे सैकड़ों गोविंदा के द्वारा सैकड़ों मटकी फोड़ी गई। समिति के द्वारा सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। देवरहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे द्वारा सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भगवान परमब्रह्म जगतगुरू श्रीकृष्ण की जन्म उत्सव कृष्ण जन्माष्टमी की सभी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किए।



शुभारंभ करते अतिथि।



विजेता प्रतिभागी।

### मना कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़। सीबीएसई से संबंद्धता प्राप्त एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द एसोसिएशन ऑफ वीमेन इमपावरमेंट क्लब्स ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्षा एवं डायरेक्टर छग मारवाड़ी युवा मंच समाजसेविका श्रीमती अनीता फरमानिया एवं विशिष्ट अतिथि निर्देशिका द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया श्रीमती पम्मी अरोरा का स्वागत ⏭ शेष पेज 4 पर





# नेत्रहीन बच्चों के बीच मनाया जन्मदिवस

**मनेन्द्रगढ़।** मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने रविवार को अपना जन्मदिन मनेन्द्रगढ़ स्थित नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों के बीच मनाकर सभी का दिल जीत लिया।

- **मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग राज्य मंत्री पहुंचे मनेन्द्रगढ़**

मंत्री श्री जायसवाल ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उन्हें आशीर्वाद दिया और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि इन बच्चों के चेहरों की मुस्कान ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की योजनाएं पहुंचना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता कोई कमी नहीं, बल्कि ईश्वर का विशेष वरदान है। यदि आत्मविश्वास और संकल्प मजबूत हो तो जीवन की हर मंजिल को पाया जा सकता है। आप सभी बच्चों की लगन और प्रतिभा समाज के लिए प्रेरणा है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### रेहर गायत्री सहक्षेत्र प्रबंधक झा की हुई पदोन्नति

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया प्रबंधन ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 225 से अधिक विभिन्न विभागों के ई 7 रैंक के अधिकारियों को ई 8 रैंक महाप्रबंधक के पर पदोन्नत किया है।एसईसीएल बिश्रामपुर के आर.जी.के सहक्षेत्र प्रबंधक यूएन झा को भी इस सूची में पदोन्नत का लाभ मिला है जिससे वे भी अब महाप्रबंधक बन चुके हैं।पदोन्नत होने वालों में माइनिंग,विद्युत यांत्रिकी, एक्सवेशन, सिविल, खरीदी, विक्रय इनवायरमेंट, वित्त, लीगल, सेफ्टी एचआर, मेडिकल समेत तमाम विभाग के ई 7 रैंक के अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। श्री झा पिछले करीब दो वर्ष से अधिक समय से आरजीके सहक्षेत्र प्रबंधक का दायित्व संभाल रहे हैं।



### पेंशनर्स समाज जिला सरगुजा इकाई द्वारा किया गया ध्वजारोहण



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज जिला सरगुजा इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। लगभग सौ की संख्या में सम्मानित पेंशनर्स उपस्थित होकर ध्वजारोहण किया। जिसके बाद बैठक आयोजित कर संगीत संघ सरगुजा के उदीयमान गायकों से देशभक्ति गीत एवं सुमधुर भजनों गायन किया। वरिष्ठ पेंशनर ब्रह्मा शंकर सिंह एवं आरएन अवस्थी द्वारा ध्वजारोहण गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष हरिशंकर सिंह एवं महिला प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती मीना वर्मा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सचिव त्रिलोचन यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम व्यवस्था में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौबे एवं राजकुमार गुप्ता द्वारा भूमिका निभाई। साथ ही सौ की संख्या में उपस्थित होकर सभी ने अपनी अपनी सहभागिता निभाई। महिला प्रकोष्ठ की संरक्षिका सुश्री वंदना दत्ता एवं संयोजिका श्रीमती संध्या सिंह, श्रीमती दुर्गा शर्मा की उपस्थिति संगठन को गरिमा प्रदान किया। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज जिला सरगुजा इकाई की तरफ से सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

### हर्षोल्लास से साई कॉलेज में मना स्वतंत्रता दिवस

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासी निकाय के अध्यक्ष



विजय कुमार इंगोले ने आजादी की यात्रा से अवगत कराते हुए कहा कि देश के युवाओं को आधुनिकता के साथ नियमबद्धता को स्वीकारना होगा। उन्होंने कहा कि दुश्मन हम पर नजर बनाये हुए है, हमारी जिम्मेदारी है कि आजादी को सुरक्षित और शौर्य के साथ बनाये रखना। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शासी निकाय के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि गुलामी से निकलने के लिए हमारे पूर्वजों ने बड़ी कुर्बानियां दी हैं। हमें इस आजादी को दुनिया के साथ बचाये रखना है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने अपनी आजादी को विकसित भारत से सजाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिए लक्ष्य विकसित भारत 2047 को समृद्ध भारत में प्रस्तुत करना है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम को समर्पित पौध रोपण किया गया। प्राचार्य डॉ राजेश श्रीवास्तव ने सभी को नशा से मुक्ति क्री शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जिले में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

# सरगुजा में कैबिनेट मंत्री रामविचार ने किया ध्वजारोहण



परेड की सलामी लेते कृषि मंत्री रामविचार नेताम।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कु

सरगुजा जिले में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जगह जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जबकि जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। शहर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित समारोह के दौरान कृषि मंत्री श्री नेताम ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान का गायन किया गया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया व शांति के प्रतीक कपोत व गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। तत्पश्चात परेड में शामिल पुलिस बल, नगर सेना की सशस्त्र टुकडियां द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी और राष्ट्रपति का जय घोष किया गया। कार्यक्रम स्थल पर शॉल व श्रीफल देकर शहीद के परिवारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्रीमती तृप्ति सिंह राजपूत, परेड टू-आईसी उप निरीक्षक सुश्री सुनीता भारद्वाज के नेतृत्व में 9 टुकड़ियों के द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मानव जीवन ज्योति नेत्रहीन विद्यालय कुनकुरी कला के बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। मंत्री श्री नेताम ने स्वयं स्टेज से उतरकर बच्चों को शुभकामनाएं दीं एवं उनके साथ फोटो ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों एवं कार्यस्थल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 64 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कार्यालय कलेक्टर, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर, एसएसपी राजेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

**सूरजपुर।** जिले में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम सूरजपुर के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित हुआ जहां मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने रंगीन गुब्बारे और सफेद कबूतर छोड़कर शांति और सद्भावना का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में परेड कमांडर के नेतृत्व में 13 विभिन्न प्लाटूनों ने बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट किया। शहीद जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। जिनमें कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सूरजपुर को प्रथम, कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास सूरजपुर को द्वितीय और सरस्वती शिशु मंदिर सूरजपुर को तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, जिपं अध्यक्ष चंद्रमणी पैकरा, नपा अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, सूरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, मुकेश गर्ग, अजय अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत ठाकुर, डीएफओ पंकज कमल, जिपं सीईओ विजेन्द्र पाटले सहित अन्य मौजूद थे।



# बलरामपुर में सरगुजा सांसद चिंतामणि ने किया ध्वजारोहण

- शहीदों के परिजन को किया गया सम्मानित

**बलरामपुर।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस जिले में गरिमामय और हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला मुख्यालय बलरामपुर के पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि श्री महाराज ने कलेक्टर राजेन्द्र कटारा एवं एसपी बैंकर वैभव रमनलाल के साथ परेड का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मंच में तिरंगे के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं शांति के प्रतीक श्वेत कपोत आकाश में छोड़े गये।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन एवं परेड टू आईसी सूबेदार हिम्मत सिंह शेखावत के नेतृत्व आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। मार्चपास्ट के पश्चात मुख्य अतिथि ने सभी परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने श्रीलंका शान्ति सेना में शहीद हुए स्व. लाजरूस मिंज, नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुये स्व. नबोर कुजूर, रानीबोदली बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए स्व. महेश पैकरा, नक्सली मुठभेड़ में शहिद स्व. अनिल खलखो, नारायणपुर बस्तर में शहीद हुए स्व. मनाज रूल, थाना पांकी जिला तालेहार में उग्रवादी मुठभेड़ में शहीद हुये स्व. मसीह भूषण लकड़ा एवं सियाचिन ग्लेशियर में शहीद हुए स्व. रामसाय भगत के परिवारों को साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने व स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का संदेश देते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जुम्बा पीटी का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही स्कूली छात्र काहत्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 66 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पिछड़ा आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, डीएफओ आलोक वाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आरएस लाल, आरएन पाण्डेय, अभिषेक गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी सहित अन्य मौजूद थे।



# कोयलांचल में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

- नवगठित शिवनंदनपुर नगर पंचायत में प्रशासक तहसीलदार ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**बिश्रामपुर।** देश का 79 वां स्वतंत्रता दिवस कोयलांचल बिश्रामपुर व शिवनन्दनपुर समेत आसपास के इलाके में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।आजादी के इस महापर्व पर बिश्रामपुर के मुख्य समारोह एसईसीएल क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम डॉ संजय सिंह ने ध्वज फहराया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर सीआईएसएफ, त्रिपुरा बटालियन व कंपनी के सुरक्षा दस्ते की संयुक्त टुकड़ी द्वारा आयोजित परेड का जीएम श्री सिंह ने निरीक्षण किया।यहाँ पर सेफ्टी ऑफिसर के एल भील ने एसईसीएल सीएमडी के संदेश का वाचन किया।जीएम संजय सिंह ने नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र के उन्नति व प्रगति के लिए तत्पर रहने की बात कही।इस अवसर पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सहित सभी विभागों के विभाग प्रमुख व क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।इसके अलावा नवगठित नगर पंचायत में प्रशासक तहसीलदार सूरजपुर सूर्यकांत साय ने ध्वजारोहण किया।

बिश्रामपुर नपं में अध्यक्ष निर्मला यादव,डीएवी पब्लिक स्कूल में भी मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह, शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में प्राचार्य डीपी कोरी,पिलखा उपतहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार मीना सिंह, बिश्रामपुर नगर थाना में निरीक्षक प्रकाश राठौर,भारतीय खाद्य निगम में आगार प्रभारी,स्टेट वेयर हाउस में प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह,बिश्रामपुर स्टेशन में स्टेशन प्रबंधक डीके पॉल,जयनगर थाना में निरीक्षक रूपेश कुंतल,जयनगर वन विभाग कार्यालय सर्किल इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह, कुंजनगर पंचायत में सरपंच अरुणा सिंह,जयनगर पंचायत में सरपंच राधा देवी,तेलईकछार पंचायत में सरपंच अहिल्या देवी,जयनगर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल, शासकीय आजाक हायर सेकेंडरी स्कूल जयनगर में प्राचार्या श्रीमती कलिस्ता अक्खड़,जयनगर सहकारी समिति में संचालक समिति के अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जयनगर में प्राचार्या श्रीमती सूफियाना खलखो द्वारा ध्वजारोहण किया गया। दसवीं बटालियन कनकपुर सिलफिली में सेनानी प्रशांत कतलम, कमलपुर स्टेशन में प्रबंधक रणधीर सिंह,अंबिकापुर स्टेशन में स्टेशन प्रबंधक उमेश सिंह करंजी चौकी में चौकी प्रभारी संतोष सिंह, लटोरी चौकी में प्रभारी अरुण गुप्ता,खड़गवां चौकी में प्रभारी रघुवंश सिंह ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।इस अवसर पर सभी शैक्षणिक संस्थाओं में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रातः काल प्रभात फेरी निकालकर देशभक्ति से भरी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में सभी शासकीय अशासकीय भवनों में साफ सफाई के साथ भवनों को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया था।





### शिवनन्दनपुर में नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी

शिवनन्दनपुर नगर के मेन मार्केट गुरुद्वारा चौक स्थित मनोज मेटल के सामने वरिष्ठ नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी,शुक्रवार की सुबह व्यापारी रामलाल सोनी व मनोज अग्रहरि की अगुवाई में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कांग्रेस नेता सुभाष गोयल, जगदीश सिंह बग्गा,मंजीत सिंह खेड़ा,खजान चंद जिंदल, जयभगवान गर्ग,रामावतार जिंदल,कृष्ण जिंदल,रमेश दनौदिया, तवरेज आलम ने तिरंगे झंडे को सलामी दी।

# सूने मकान में चोरी का आरोपी बदायूं से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- फरार आरोपी की तलाश जारी, एक माह पूर्व हुई थी घटना

सूने मकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के जेवर, मोबाइल फोन बरामद किया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

गांधीनगर थाना पुलिस के अनुसार नमनाकला मुखर्जीनगर निवासी ब्रजेश कुमार सिंह 12 जुलाई को परिवार के साथ गांव सरगंवा गया हुआ था। 14 जुलाई की सुबह जब वह वापस लौटा तो उसके घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ थ और अंदर बेडरूम के आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर, व नगदी 65 हजार रुपए गायब थे। घटना की सूचना के बाद गांधीनगर पुलिस व साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही थी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर उत्तर प्रदेश के मदायु अलापुर नगला निवासी 23 वर्षीय तहजीब खान आ. अब्दुल गनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से एक नग मोबाइल फोन, एक नग अंगूठी व घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त कर आरोपी को बीएनएस की धारा 331(4), 305, 61(2) के तहत गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, उनि नवल किशोर दुबे, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि विपिन तिवारी, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक उमाशंकर साहू, मनीष सिंह, बृजेश राय, रमन मण्डल सक्रिय रहे।

# क्वारी में भरे गए राखड़ के दलदल में फंसे दो गौवंश को चैन माउंटेन से निकाला गया

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में कोयला उत्पादन के बाद असुरक्षित हाल में छोड़े गए पोखरिया खदानों में वर्तमान समय में राख भराई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।इस वर्ष हुई झमाझम बारिश के बाद क्वारी में जिस जगह राख भराई का कार्य किया जा रहा है।

वहां बारिश से किचड़ भरे दलदल की स्थिति बन गई है।दो तीन दिनों पूर्व इसी स्थल पर नर्सरी में चारा पानी के तलाश में पहुंचे दो गौ वंश दलदल में फंस गए, दो दिन बाद जब नर्सरी में लकड़ी काटने गए ग्रामीणों ने देखा कि दो मवेशी राखड़ के दलदल में फंसे हुए है, इसके बाद इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी जिसके बाद गौ सेवा मंडल के कन्हैया दुबे ने साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों मवेशियों को दलदल से निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली, बाद में वहीं कुछ दूरी पर नर्सरी में राखड़ भराई के काम में लगे चैन माउंटेन मशीन ऑपरेटर को मामले की सूचना देते हुए सहयोग लेकर दोनों मवेशियों को मशीन के जरिए सुरक्षित बाहर निकलवा लिया गया है।




### पुराना बस स्टैंड में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**अम्बिकापुर।** पुराना बस स्टैंड व्यापारी संघ द्वारा पुराना बस स्टैंड प्रांगण में हर्षोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस वर्ष भी शहर को स्वच्छ रखने वाली स्वच्छता दीदियों को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ स्वतंत्रता दिवस में ध्वजारोहण करने का मौका दिया गया एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता दीदियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान गाकर उपस्थित लोगो एवं बच्चों में मिठाई वितरित की गई। इस वर्ष समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारी संघ के अनिल पटेल, शाहबाज खान, गुलाम खान,कन्हैया सोनी, मुकेश अग्रवाल, रवि, रामनिवास, सोनू खान, आतिफ हुसैन, प्रदीप सोनी, सुरेश,डब्बू, अनुज शर्मा केसरिया सहित अन्य उपस्थित थे।



### पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति 2 घंटे में गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के थाना बैकुंठपुर अंतर्गत चौकी पोड़ी बचरा क्षेत्र में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 2 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। मामला ग्राम गोविन्दपुर निवासी सहेलाल तिग्गा उम्र 62 वर्ष का है, जिसने शराब के नशे में विवाद होने पर अपनी पत्नी सूरजमनी की बांस के डंडे से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 14 अगस्त की शाम दंपत्ति सुअर बेचने के बाद ग्रामवासी धर्मजीत सिंह के घर गए थे। रात को वे घर नहीं लौटे। अगले दिन सुबह सूरजमनी का शव विजय सिंह के घर के सामने रक्तरंजित अवस्था में मिला, जबकि आरोपी सहेलाल हाथ में बांस का डंडा लिए घटनास्थल पर मौजूद था।

## स्वास्थ्य केन्द्र, पाठशाला व पंचायत भवन में किया ध्वजारोहण

**सोनगरा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि शरद चंद्र द्विवेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया व सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। उन्होंने अधिकारी कर्मचारी व ग्राम वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत मिष्ठान वितरण किया गया। जहां प्रमुख रूप से डॉ. मीना राजवाड़े, डॉ. संतोष सिंह, अभिषेक सिंह, तनवीर खान, अर्चना मेहता, प्रियंका वर्मा, अमित सोनी, श्याम राजवाड़े, राजा खान, अनीता, संध्या, जयन्ती, प्रणति विश्वास, मोहित नेताम,शांति गुप्ता, कृपा शंकर, दशरथ सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। . इसी तरह आदिम जाति सहकारी समिति में भोला सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जलवायु परिवर्तन विभाग में अध्यक्ष लखदेव सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद द्विवेदी, अनंत सरकार, अशोक गुप्ता, आशीष साहू, प्रीतम भगत, अनुराग द्विवेदी, विजय सोनी, बंठू प्रजापति, परमेश्वर सिंह, दलीप सिंह, देवधारी सिंह, मूलधर सिंह, रामचरण सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे। शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा में अनुराग द्विवेदी द्वारा ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। बच्चों को पुरस्कार वितरण सुबोध मोदी, सुजीत सिन्हा व अनुराग द्विवेदी द्वारा किया गया। इसी तरह प्रधान पाठक सुजीत सिन्हा द्वारा अपने संस्था के बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सेतो, ननका सिंह, सुनीता सिंह, प्रदीप सिंह, राम सिंह रवि सिंह, रामविचार सहित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व स्कूल के स्टाफ उपस्थित रहे। पशु चिकित्सालय में ननका सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत भवन सोनगरा में सरपंच कृष्ण सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष शरद चन्द्र द्विवेदी ,बालेश्वर सिंह, गोविंद यादव, तन्नू खान, पारस सिंह,जरीब खान, अनुराग द्विवेदी, सुखनंदन, सीताराम सिंह, महावीर देवांगन, छोटेलाल नापित व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।.





# परेश की फिल्म 'द ताज स्टोरी' की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल पिछली बार फिल्म 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में दिखे थे, लेकिन यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। आने वाले समय में परेश एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे और अब उनकी नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'द ताज स्टोरी' है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार अमरीश गोयल ने संभाली है। 'द ताज स्टोरी' का निर्माण सीए सुरेश झा कर रहे हैं। फिल्म का पहला वीडियो सामने आ गया है, जिसमें परेश एक अदालत में खड़े होकर बौद्धिक आतंकवाद के मुद्दे पर जोरदार बहस करते नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style



# आलिया
## लेकर आ रहीं यंग एडल्ट फिल्म

आलिया भट्ट बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने बहुत कम समय और उम्र में इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई है। फिल्म दर फिल्म उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। पिछली बार आलिया को फिल्म 'जिगरा' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आने वाले समय में वह कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगी। अब खबर आ रही है कि आलिया एक युवा वयस्क (यंग-एडल्ट) फिल्म लेकर आ रही हैं। पीपिंगमून की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डार्लिंग्स' और 'जिगरा' को मिली सराहना के बाद अब आलिया अपने प्रोडक्शन हाउस 'इटरनल सनशाइन पिक्चर्स' के तहत अमेजन प्राइम वीडियो के लिए एक हाई-कॉन्सेप्ट युवा वयस्क फिल्म बनाने जा रही हैं। आलिया खुद इस फिल्म का निर्माण करने वाली हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने पहली बार चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट के साथ हाथ मिलाया है, जिसने पहले 'गुलमोहर', 'जादूगर' और 'द मेहता बॉयज' जैसी फिल्मों का निर्माण किया था।

आलिया की इस फिल्म के निर्देशन की कमान श्रीति मुखर्जी को सौंपी गई है, जो 'ये जवानी है दीवानी' और 'ब्रह्मास्त्र' में अयान मुखर्जी की सहायक निर्देशक रह चुकी हैं। इस फिल्म के जरिए श्रीति बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिलहाल इस फिल्म की कहानी पर काम चल रहा है और इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है।

हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्री केली मैक नहीं रहीं

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेत्री केली मैक, जिन्हें द वॉकिंग डेड और शिकागो मेड में अपनी शानदार भूमिकाओं के लिए जानी जाती है. 33 साल की उम्र में निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, उन्होंने ग्लियोमा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जंग लड़ रही थी, लेकिन वह इस जंग से हार गईं। अमेरिकी अभिनेत्री केली मैक का 33 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गत दिवस अपने होमटाउन सिनसिनाटी में अंतिम सांस ली। केली मैक ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बहुत ही कम उम्र में विज्ञापनों से की थी।



# रहस्यमयी आइलैंड की नई चुनौती 'वन पीस' 3 का टीजर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की लोकप्रिय वेब सीरीज 'वन पीस' अपने फैंटेसी और रोमांचक थ्रिलर अंदाज के लिए जानी जाती है। अब तक दो सफल सीजन से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, लंबे समय से इसके तीसरे सीजन का इंतजार किया जा रहा था, जो अब खत्म हो चुका है। मेकर्स ने वन पीस सीजन 3 की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही लेटेस्ट टीजर भी जारी कर दिया है। 2023 में नेटफ्लिक्स पर इसका पहला सीजन रिलीज हुआ था, जिसे दुनियाभर में दर्शकों और क्रिटिक्स से शानदार प्रतिक्रिया मिली. अनोखी काल्पनिक कहानी और दमदार एडवेंचर ने इसे खास बना दिया. इसके बाद 2024 में दूसरा सीजन आया, जो पहले से भी ज्यादा सफल साबित हुआ। सीजन 3 में एक बार फिर इनाकी गोडोय, एमली रूड, मैकेन्यू, टेज स्काईलर और लारा अवोवा जैसे कलाकार अपने किरदारों में नजर आएंगे।



# एक चतुर नार' सितंबर में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी निर्देशक, फिल्म निर्माता और अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर चर्चा में हैं। इस थ्रिलर फिल्म के लिए दिव्या के साथ अभिनेता नील नितिन मुकेश नजर आएंगे। 'एक चतुर नार' के निर्देशन की कमान उमेश शुक्ला ने संभाली है, जिन्हें '102 नॉट आउट' और 'ओएमजी' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। अब फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। 'एक चतुर नार' का ट्रेलर ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर जैसे सितारों से सजी फिल्म 'वॉर 2' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, 'ट्रेलर का असली मजा सिर्फ बड़े पर्दे पर। 'एक चतुर नार' का ट्रेलर 'वॉर 2' के साथ सिर्फ सिनेमाघरों में देखें।'



# 'परम सुंदरी' के एक दृश्य पर मचा बवाल

**मुंबई।** जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म 'परम सुंदरी' में दिखने वाली है। बीते दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसे काफी पसंद किया गया। अब 'परम सुंदरी' के ट्रेलर में दिखाए गए एक रोमांटिक दृश्य को लेकर विवाद छिड़ गया है। इतना ही नहीं, इस दृश्य को फिल्म से हटाने की मांग की जा रही है। फिल्म के ट्रेलर में एक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें सिद्धार्थ-जाह्नवी चर्च में रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। इस दृश्य को आधार बनाकर ईसाई समुदाय के सदस्यों ने विरोध जताया है। वॉचडॉग फाउंडेशन ने सेंसर बोर्ड, मुंबई पुलिस, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर निर्माताओं को फिल्म से इस दृश्य को हटाने का निर्देश देने को कहा है।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी...' का दूसरे ही हफ्ते काम-तमाम, 'अनुपमा' फिर टॉप पर

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को पिछले दिनों खूब ट्रोल किया गया। शो की मुख्य अभिनेत्री स्मृति ईरानी की जगह उनकी बॉडी डबल का इस्तेमाल करने पर लोगों ने निर्माताओं को खूब खरी-खोटी सुनाई। फैंस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर स्मृति को एक्टिंग करनी ही नहीं थी तो उन्होंने शो में वापसी क्यों की। बहरहाल, ये शो अपनी लॉन्चिंग के दूसरे ही हफ्ते में टीआरपी रेस में बुरी तरह पिछड़ गया है।

***'अनुपमा' ने फिर मारी बाजी :*** बार्क हर सप्ताह टीआरपी की सूची जारी करता है, जिससे पता चलता है कि कौन-सा टीवी शो कितने पानी में है। इस सप्ताह भी बार्क ने टीआरपी लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें अक्सर सबसे ऊपर रहने वाले रूपाली गांगुली के शो 'अनुपमा' ने फिर नंबर 1 पर धाक जमा ली, लेकिन 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की रेटिंग लुढ़की हुई नजर आई। आलम यह है कि ये टीआरपी की सूची में लुढ़ककर चौथे स्थान पर आ गया।

***ये 3 शो रहे आगे :*** 'अनुपमा' ने इस हफ्ते नंबर 1 पर धाक जमा ली है। राजन शाही का ये धारावाहिक 2.2 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर काबिज हो गया है। राजन शाही का धारावाहिक 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को इस बार नंबर 2 का स्थान मिला, वो भी 2.1 रेटिंग के साथ। इस बार तो शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' तीसरे स्थान पर आ गया। इसने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को मात देकर 2.1 रेटिंग हासिल की है।

***दूसरे हफ्ते 'क्योंकि सास.. ' को मिली बस इतनी रेटिंग :*** स्मृति का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' पिछले हफ्ते बंपर रेटिंग के साथ पहले स्थान पर बैठा हुआ था। अब 31वें हफ्ते में इस धारावाहिक को मुंह की खानी पड़ी। दरअसल, 'क्योंकि सास...' चौथे स्थान पर आ गया है। हैरानी की बात यह है कि पहले हफ्ते 2.3 रेटिंग पाने वाले इस शो को अपनी रिलीज के दूसरे हफ्ते 1.8 रेटिंग मली है। ये न सिर्फ स्मृति, बल्कि एकता के लिए भी बड़ा झटका है।

***'क्योंकि सास...' में स्मृति को देख ठनका लोगों का माथा :*** अब देखना होगा कि 'क्योंकि सास...' को टीआरपी सूची में सबसे ऊपर लाने के लिए अब एकता क्या पैंतरा अपनाती हैं। शो के हालिया एपिसोड में स्मृति को देख दर्शकों का माथा ठनक गया। दरअसल, लोगों का कहना है कि शो में उनकी बॉडी डबल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया गया है, जो अखर रहा है। दर्शकों ने तंज कसते हुए एकता और स्मृति को ये तक कह दिया था कि शो बनाने की जरूरत ही क्या थी।

# 'तेहरान' की जान हैं जॉन का बेजोड़ अभिनय...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जॉन अब्राहम एक समय अपने अभिनय से कहीं ज्यादा अपने स्टाइल और फिटनेस को लेकर चर्चा में रहते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से वह अपनी फिल्मों से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। 'द डिप्लोमैट' के बाद जॉन अब 'तेहरान' लेकर आए हैं। उनकी यह फिल्म जी5 पर रिलीज हो गई है। 'स्त्री 2' और 'छावा' वाले निर्माता दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसा लगाया है।




***दिल्ली बम धमाके के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानी :*** कहानी साल 2012 में दिल्ली में इजरायली दूतावास के बाहर हुए एक बम धमाके पर आधारित है, जिसकी जांच की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के राजीव कुमार (जॉन) को मिलती है। मिशन में उसका साथ देती हैं दिव्या राणा (मानुषी छिल्लर) और शैलेजा (नीरू बाजवा)। अब राजीव सच्चाई का पता लगाने के लिए कितनी कुर्बानियां देगा, ये फिल्म में देखने वाली बात है। देशभक्ति, भावनाओं और रोमांच से लबरेज फिल्म की कहानी में राजनीतिक तनाव और भावनात्मक जुड़ाव दोनों है।

***जॉन ने शिद्दत से निभाया किरदार :*** जॉन ने एक पुलिसवाले, एक जिम्मेदार नागरिक और एक पिता सरीखे इंसान का किरदार बड़ी शिद्दत से निभाया। शुरुआत से लेकर अंत तक उनका एक-एक सीन लाजवाब है। देशभक्ति की खुशबू में रची-बसी और गंभीर भूमिकाएं जॉन पर खूब फबती हैं और इस फिल्म में भी अपने उसी चित-परिचित अंदाज से वह दिल में घर कर जाते हैं। मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा और जॉन की पत्नी बनीं मधुरिमा तुली भी अपनी छोटी सी भूमिका से असर छोड़ जाती हैं।

# जॉनी लीवर का असली नाम जानते हैं आप? बेहद दिलचस्प है सरनेम के पीछे की कहानी

**मुंबई।** जॉनी लीवर बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों के दिलों में एक अलग छाप छोड़ने में सफल रहे हैं। कॉमेडी के बादशाह 68 साल के हो गए हैं। जॉनी ने अब तक 350 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर करोड़ों लोगों के दिलों को जीता। जॉनी ने दुनियाभर में खूब नाम कमाया है, लेकिन क्या आप उनका असली नाम जानते हैं?



### कैसे और कहां से मिला सरनेम 'लीवर'

जॉनी लीवर के नाम से दुनियाभर में मशहूर अभिनेता का असली नाम जॉन प्रकाश राव जनुमाला है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जॉनी का सरनेम 'लीवर' उनके पिता की नौकरी से जुड़ा है। जॉनी के पिता उस समय देश की नामी कंपनी हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड में काम करते थे। जॉनी अक्सर उनके साथ दफ्तर जाते और वहां अपनी हाजिरजवाबी से लोगों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देते थे। वहीं से उन्हें 'जॉनी लीवर' नाम मिला।

### 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे जॉनी

काम के मोर्चे पर बात करें तो जॉनी को पिछली बार फिल्म 'हाउसफुल 5' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। अब जॉनी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे। कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' का तीसरा भाग 'वेलकम 3' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, दिशा पटानी और परेश रावल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## रिश्ते ना सिर्फ गहरे हैं बल्कि ये साबित करते हैं कि दिल का बंधन खून से भी ऊपर होता है

# खून का रिश्ता नहीं, फिर भी सगे से बढ़कर हैं ये स्टार किड्स सौतेले भाई-बहन

*रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्यार और विश्वास का अद्भुत उत्सव है, जो रिश्तों की मिठास और मजबूती का प्रतीक माना जाता है। इस दिन चाहे खट्टी-मीठी नोक-झोंक हो या दिल से जुड़े अटूट बंधन, हर रूप में ये रिश्ता खास होता है। खास बात तो ये है कि बॉलीवुड के कई स्टार किड्स ऐसे हैं, जिनकी मां अलग-अलग हैं, लेकिन उनके बीच का प्यार और साथ किसी भी सगे रिश्तेदार से कम नहीं। हम आपको बॉलीवुड के उन भाई-बहनों की कहानी बताएंगे, जिनके रिश्ते ना सिर्फ गहरे हैं बल्कि ये साबित करते हैं कि दिल का बंधन खून से भी ऊपर होता है।*

### शाहिद कपूर और सना कपूर



शाहिद कपूर और उनकी सौतेली बहन सना कपूर के बीच गहरा प्यार और सम्मान है। शाहिद के पिता पंकज कपूर की दूसरी शादी सुप्रिया पाठक से हुई, जिनसे सना का जन्म हुआ। दोनों ने साथ में फिल्म 'शानदार' में काम किया, जो भले ही सफल ना रही, लेकिन उनकी बॉन्डिंग सोशल मीडिया पर खूब देखी जाती है।

### सारा, इब्राहिम और तैमूर, जेह



सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह के बच्चे सारा और इब्राहिम अली खान, सैफ की दूसरी पत्नी करीना कपूर के बेटे तैमूर और बेटी जेह के साथ बेहद करीबी रिश्ता रखते हैं। सारा अक्सर तैमूर के साथ मस्ती करते हुए नजर आती हैं और इब्राहिम भी अपने छोटे भाइयों के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं।

### अर्जुन, अंशुला, खुशी और जान्हवी कपूर



बोनी कपूर की पहली पत्नी मोना शौरी से जन्मे अर्जुन और अंशुला कपूर और उनकी दूसरी पत्नी श्रीदेवी से खुशी और जान्हवी कपूर के बीच घनिष्ठ रिश्ता है। श्रीदेवी के निधन के बाद भी ये चारों एक-दूसरे के सहारे बने हुए हैं और एक-दूसरे का हर मुश्किल वक्त में साथ देते हैं।

***राज बब्बर के बच्चे- आर्य, जूही और प्रतीक :*** राज बब्बर के बेटे आर्य और बेटी जूही, उनकी दूसरी पत्नी स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर के साथ गहरा प्रेम रखते हैं। हालांकि प्रतीक की शादी में आर्य और जूही के अभाव को लेकर चर्चाएं हुईं, लेकिन हाल ही में तीनों की एक साथ तस्वीर ने सभी संशय दूर कर दिए।

### आमिर खान के बच्चे : आइरा जुनैद और आजाद

*आमिर खान की पहली पत्नी रीना दत्ता से जन्मे आइरा और जुनैद, उनकी दूसरी पत्नी किरण राव से सरोगेसी से जन्मे आजाद के साथ बेहद प्यार करते हैं। तीनों के बीच का रिश्ता ऐसा है कि आमिर खुद इसे बेहद खास मानते हैं। वहीं, करिश्मा कपूर के पूर्व पति की वर्तमान पत्नी प्रिया सचदेव ने भी दोनों साइड के बच्चों के बीच गहरे रिश्ते की बात कही है। उन्होंने कहा कि करिश्मा के बच्चे भी मेरे बच्चे हैं और मैं उन्हें अपने बच्चों की तरह मानती हूं। हमारे बीच काफी अच्छा बॉन्ड है। प्रिया ने बताया कि उनके चार बच्चे- समायरा, सफीरा, कियान और अजारियस, एक-दूसरे से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं करिश्मा की बच्चों की मां नहीं बन सकती, लेकिन उनकी अच्छी दोस्त हूं और हमेशा उनका ख्याल रखती हूं।*

## खबर संक्षेप

### डीएवी में मना स्वतंत्रता दिवस



**वेस्ट चिरमिरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी के प्रांगण में 79 वां स्वतंत्रता दिवस संपूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे ने ध्वजारोहण किया। सारे जहां से अच्छा और अन्य देश भक्ति गीतों से संपूर्ण विद्यालय परिसर गूंज उठा। कक्षा चौथी के दिव्यांश बघेल, शानवी गुप्ता, मानवी एवं श्रेष्ठ कुमार यादव के विप्लव एवं देशभक्ति के गीतों ने छात्र-छात्राओं को जागृत करने का प्रयास किया। कक्षा आठवीं की अपर्णा सिंहा ने हिंदी भाषण तथा स्वाती चक्रवर्ती ने अंग्रेजी भाषण के द्वारा लोगों को स्वतंत्रता के महत्व और इतिहास के बारे में बताया। कक्षा छठवीं, आठवीं और नवमीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए देश-भक्ति नृत्य ने वहां उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य एसके पांडे ने सभी लोगों को 79 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत त्याग, समर्पण, अहिंसा एवं शांति का देश है, अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण भारत विश्व गुरू के पद पर आसीन है। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवमी के श्रेयांश मिश्रा एवं मोखिता ने किया।

### माधव प्रेरणा केन्द्र नदी पार में ध्वजारोहण समारोह



**मनेन्द्रगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माधव प्रेरणा केन्द्र नदी पार में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण का कार्य जिला संघ चालक नीरज अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से राकेश चंद भानु, आंचल दुबे, रामकृष्ण नामदेव, नीरज अग्रवाल नीटू, परमेश्वर केवट, शशिकांत केसरी, सुभाष अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, भूषण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, पद्य चंद्र अग्रवाल, पवन श्रीवास्तव, सचिन, कामेश्वर प्रसाद ओझा सहित अन्य स्वयंसेवक शामिल हुए। ध्वजारोहण के बाद राष्टभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया गया और स्वयंसेवकों ने राष्ट सेवा, समाज उत्थान एवं एकता के संकल्प लिया।

### कलेक्टर ने किया जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण

मनेन्द्रगढ़। जिले में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की माल्यार्पण से हुई। इसके उपरांत उन्होंने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमूह को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दीं। समारोह का संचालन निर्वाचन कार्यालय के सुपरवाइजर सतीश द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल सिदार, विनायक शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा, भू-अभिलेख अधिकारी यादवेन्द्र कैवर्त सहित जिला कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

# चिरमिरी में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा





**डोमनहिल।** स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व क्षेत्र के सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालयों में उत्सापूर्ण के साथ मनाया गया। आजादी के इस पावन अवसर पर चहुंओर तिरंगा लहराता दिखा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर पालिक निगम कार्यालय में ध्वजारोहण महापौर के द्वारा किया गया । इस अवसर पर समस्त पार्षद तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केबीपटेल नर्सिंग कॉलेज एवं बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें देश के प्रति समर्पण और बलिदान की गूंज साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की विशेषता रही कि विद्यार्थियों ने पहलगांव में निहत्थे पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले और गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना का सचित्र चित्रण प्रस्तुत किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ा बाजार में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण भाजपा राष्टवादी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अभय जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने मैडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डोमनहिल शासकीय हाईस्कूल में प्राचार्य मीन्हाज अंसारी के द्वारा किया गया। ध्वजारोहण पश्चात विद्यालय देश भक्ति के नारो से गूंज उठा। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत और भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रफूल रैडी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिशु शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी विद्यालय में पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर विदयालय समिति के संरक्षक गंगाराम आयाम,लालकेश्वर दास,रामदास बघेल, ददन सिंह, रामेश्वर सिंह,राज कुमार दुबे,सफीक अहमद ,माईकन अली सहित काफी संख्या में अविभावक उपस्थित रहे। प्रतिभवान क्षात्र क्षत्राओ को पाचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। यूपीएस सी चिकित्सालय डोमनहिल में ध्वजारोहण चिकित्सा प्रभारी एमपी आनंद ने किया। राष्टगान पश्चात फार्माशिष्ट जीडी हुसैन ने चिकित्सालय के गतिविधियों को उपस्थित अतिथियों के समने रखा। इस अवसर पर चिक्तिशालय परिवार के सभी अधिकारी-कर्मचारी सहित जनभागीदारी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय में 79 वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और मर्यादा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार रहे। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और सुरक्षा कर्मियों की परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद कार्मिक अधिकारी द्वारा सीएमडी का संदेश वाचन किया गया। इसमें कंपनी की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं तथा कर्मचारियों की भागीदारी पर प्रकाश डाला गया। महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। हमें यह स्वतंत्रता हमारे वीर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से प्राप्त हुई है। प्रत्येक भारतीय नागरिक को उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। अब हमारी जिम्मेदारी है कि देश की उन्नति और विकास में अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। चिरमिरी ओपन कास्ट परियोजना में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण उप क्षेत्र प्रबंधक मनीष कुमार ने किया। उनके साथ परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार, अधिकारीगण, कर्मचारी तथा श्रम संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात परेड की सलामी ली गई। श्रमिक नेता देवेन्द्र नाथ शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कर्मचारियों और नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्रेरणा लेते हुए देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य आयोजन




मनेन्द्रगढ़। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंद्रा मिश्रा एवं संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एके ओझा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, बीएड कॉलेज के संचालक राजेश शर्मा, समाजसेवी अवनिन्द्र सिंह समेत नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। छात्रों की शानदार प्रस्तुतियां-नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य मंचन से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण किया। भारत माता वंदना आपरेशन सिन्दूर और देशभक्ति नृत्य ने उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर श्रीमती इंद्रा सेंगर डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग से मिली आजादी की रक्षा हम सबका कर्तव्य है। डायरेक्टर डॉ. एके ओझा ने कहा कि नर्सिंग सेवा केवल पेशा नहीं, यह मानवता की सेवा का पवित्र दायित्व है। जिलाध्यक्ष भाजपा श्रीमती चंपादेवी पावले ने कहा कि युवाओं को आजादी के महत्व को समझते हुए राष्ट निर्माण में योगदान देना चाहिए। संचालक बीएड कॉलेज राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट की सबसे बड़ी शक्ति है। समाजसेवी अवनिन्द्र सिंह ने कहा कि नर्सिंग जैसी सेवा-प्रधान शिक्षा राष्ट की धड़कन को जीवंत रखती है। समाज में नर्सिंग कॉलेज का योगदान- एके नर्सिंग कॉलेज न केवल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योग्य नर्सें तैयार कर रहा है, बल्कि समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, सिकल सेल टेस्ट, टीकाकरण अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कोरोना काल में भी इस कॉलेज की छात्राओं ने चिकित्सा दलों के साथ मिलकर जनसेवा का कार्य किया था। यही कारण है कि यह संस्थान स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा का आधार स्तंभ बन चुका है। अंत में प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ हुआ।

## वी क्लब ने गणतंत्र दिवस पर किया आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर एमसीबी मनेन्द्रगढ़ समर्पण वी क्लब द्वारा हसदेव इन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीडीपी अनीता फरमानिया एवं क्लब अध्यक्ष बबीता अग्रवाल के साथ सभी सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन हुआ और क्लब की महिलाओं ने परेड प्रस्तुत कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभी ने शहीदों के नाम पर सलामी दी और राष्ट के प्रति समर्पण भाव प्रकट किया।

इसके पश्चात वृद्धाश्रम जाकर क्लब सदस्यों ने वृद्धजन के साथ अध्यक्ष बबीता अग्रवाल का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर केक काटा गया, सभी को भोजन कराया गया और वृद्धजन के साथ अपनापन साझा किया गया। अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने कहा कि हम हर त्यौहार और हर खुशी को समाज के साथ बांटते हैं। सेवा ही हमारा संकल्प है और हम आगे भी इसी भावना से काम करते रहेंगे। इसीक्रम में अनीता फरमानिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि देश की सेवा केवल वर्दी पहनकर ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक सहयोग और संवेदना पहुंचाकर भी की जा सकती है। हम सबका कर्तव्य है कि वृद्धों, बच्चों और वंचितों के बीच रहकर उन्हें यह एहसास दिलाएं कि वे अकेले नहीं हैं। कार्यक्रम में पम्मी अरोड़ा, पूनम सिंह, रश्मि जायसवाल, बेबी मखीजा, प्रीति जायसवाल, निधि अग्रवाल, रजनी अग्रवाल सहित क्लब की सभी सदस्याएं मौजूद रहीं।




## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना




**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस पावन अवसर की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्टगान के साथ श्रीराम एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा क्षेत्र के जाने-माने अधिवक्ता रमेशचंद्र सिंह एवं विद्यालय के निदेशक तथा भूतपूर्व न्यायमूर्ति व्यंकटेश सिंह, संस्था की निदेशिका एवं प्रसिद्ध कांग्रेस नेत्री श्रीमती पूनम सिंह तथा विद्यालय के प्राचार्य एवं सीबीएससी के जिला समन्वयक डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी की उपस्थिति में सभी गणमान्य शिक्षकों एवं विद्यालय की शान सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी क्रमवार अपने कक्षा शिक्षकों के साथ विद्यालय के बहुउद्देशीय कक्ष में एकत्रित हुए।

कार्यक्रम की अगली श्रेणी में दीप प्रज्जवलन द्वारा सभी दिवंगत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी शहादत को नमन किया गया। इसके पश्चात कक्षा केजी- 2, कक्षा- एक, कक्षा- नवमी तथा कक्षा- दसवीं के होनहार विद्यार्थियों ने रंगारंग एवं देशप्रेम से ओत-प्रोत नृत्य का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी सुमधुर गीत प्रस्तुति के द्वारा समारोह को और भी अधिक देशप्रेमी बना दिया गया, तत्पश्चात कक्षा दसवीं के छात्र प्रत्यूष कुमार एवं नैतिक वर्मा द्वारा वाद्य यंत्रों पर गीत दिल दिया है जान तुझे देंग की शानदार प्रस्तुति दी गई। छात्रा जर्मिना हयात खान एवं समृद्धि खटिक ने आज के विशेष अवसर की महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्रमशः अंग्रेजी एवं हिंदी में ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अगली पंक्ति में कक्षा-पांचवी की छात्रा समृद्धि ताम्रकार ने समारोह को तिरंगे के महत्व से अवगत कराते हुए कविता प्रस्तुति दी। इस शानदार प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्राओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित जीवंत नाट्य प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के द्वारा सारे समारोह में तिरंगे की लहराती छाया और वंदे मातरम के गूंजते स्वर सुनाई दिए। संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह ने इस पावन अवसर पर विद्यालय को संबोधित करते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 यह वह दिन है, जब हमारे देश में लंबी दासता की बेड़ियों को तोड़कर स्वतंत्रता की अमृत वृष्टि का अनुभव किया। यह वह दिन है जो हमें स्वतंत्रता सेनानियों की अनगिनत कुर्बानियों की याद दिलाता है। महात्मा गांधी के अहिंसा के मार्ग नेता सुभाष चंद्र बोस के साहस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरू, सुखदेव जैसे वीरों की अमर कथाएं यह सब हमारी राष्टÑीय आत्मा के स्वर्णिम अध्याय हैं। प्रिय विद्यार्थियों आप ही इस देश का भविष्य है, आपको केवल किताबों में ही नहीं बल्कि अपने आचरण में भी देशभक्ति को उतारना है। तकनीक के इस युग में भी आपको भारतीय संस्कृति और मूल्यों को संजोकर रखना है, यह भी स्वतंत्रता की सच्ची रक्षा है, तो आइए आज के दिन हम सब यह संकल्प लें कि हम अपने देश के संविधान का सम्मान करेंगे, पर्यावरण की रक्षा करेंगे और अपने कर्तव्य का पालन ईमानदारी से करेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गर्व से कह सकें की हम भारतीय हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आज भी ग्रामीण...

लेते हैं, लेकिन इस दौरान भी महिलाओं को वन क्षेत्रों से लकड़ियां लाते देखा जा सकता है। इसी तरह नजारा बीते दिनों सोनहत मार्ग पर स्थित शिवघाटी क्षेत्र के जंगल में चेरवापारा क्षेत्र की कई महिलाएं सिर पर ढोकर लकड़ियॉ लातें दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि इसके अलावा तलहटी क्षेत्र के कई गांव की महिलाओं के द्वारा आए दिन शिवघाट क्षेत्र के जंगल से लकड़ियां लाते रहते हैं। शिवघाट क्षेत्र के जंगल को सुरक्षित रखने के लिए पूर्व वर्ष में वन विभाग द्वारा तार से घेराबंदी कर दिया गया है, बावजूद क्षेत्र की महिलाओं के द्वारा उक्त जंगल क्षेत्र से लकड़ियां ढोते अक्सर दिखाई देती है।

**मना कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव-** पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं बैज लगाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण, द्वीप प्रज्जवलित एवं पूजा -अर्चना के साथ की गई। तत्पश्चात विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्म लीला पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई, इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया,जो अत्यंत मनमोहक रहा। अगली कड़ी में पूतना वध, महादेव का बाल कृष्ण से मिलन, माखन चोरी, उखल बंधन, फलवाले की भक्ति, गोर्वधन पर्वत लीला, कुब्जा उद्धार, महारास लीला, कंश वध, सुदामा मिलन, गोपियों का नृत्य एवं कृष्णा दरबार की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। सुदामा मिलन दृश्य में सुदामा का अभिनय करने वाले छात्र निखिल के अभिनय से सभी भावुक हो गए और भूरिभूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता फरमानिया एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती पम्मी अरोरा ने सत्र 2024-2025 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले बारह विद्यार्थियों को द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया की ओर से मेमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया, तथा भविष्य में और अच्छे अंक प्राप्त कर नई ऊंचाइयों को छूने की कामना की। कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में विद्यालय के सभी विद्यार्थी श्रीकृष्ण, राधा, गोपियों के प्ररिधान में सज संवरकर आए थे, विद्यालय का वातावरण ऐसा लग रहा था मानो मथुरा-वृंदावन हों कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बालकों द्वारा गोविंदा बनकर मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। कक्षा बारहवीं के छात्र युवराज सिंह ने दूसरे प्रयास में मटकी फोड़ने में सफल रहे। मटकी फोड़ कार्यक्रम अत्यंत ही आकर्षक रहा एवं सभी ने खूब आनंद लिया । कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा अपने संभाषण में पूरे कार्यक्रम की प्रशंसा की गई। तथा एएचपीएस विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों की उपलब्धियों के लिए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक गण, प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे एवं सभी विद्यार्थियों को जन्मआष्टमी की शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नेत्रहीन बच्चों के...

नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों ने भी मंत्री के साथ समय बिताकर खुशी व्यक्त की और उनके दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत और भजन प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़ भाजपा मंडल द्वारा मंत्री का स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, महामंत्री एमपी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल, रामधुन जायसवाल, विनीत जायसवाल, व्यवसायी गिरधारी लाल गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य संतोष, राकेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिच्छू के डंक मारने से मासूम की मौत

अम्बिकापुर। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम नटकेला जामपारा निवासी मुकुन्द पैकरा का दो वर्षीय पुत्री आकृति पैकरा 14 अगस्त को घर में थी जबकि परिवार के लोग टमाटर बाड़ी में काम करने गए थे। कुछ समय बाद पिता घर आया तो देखा बच्ची रो रही थी। पड़ोसी अनिल से पूछा तो बताया आकृति को जहरीले बिच्छू ने डंक मार दिया। परिजन जब बच्ची के शरीर की जांच की तो कई जगह बिच्छू के डंक मारने के निशान मिले। परिजन तत्काल बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया।










